an>

Title: Need to give approval for farming of Mulberry to produce Mulberry silk in Bhandara-Gondia Parliamentary Constituency.

श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र गोंदिया, महाराष्ट्र में हथकरघा बुनकरों की वित्तीय हालत खराब हो चुकी है और भारी तादाद में बुनकर समाज काम की तलाश में यहां से सूरत, अहमदाबाद, नागपुर आदि शहरों में पलायन कर चुका है। इस स्थिति में उन्हें उपलब्ध सुविधा के तहत रेशम का कच्चा माल खरीदना बहुत बड़ी समस्या है। भंडारा, गोंदिया, चंद्रपुर एवं गड़चिरोली में टसर सिल्क का जंगलों में उत्पादन किया जाता है, जबकि भंडारा में मलबरी सिल्क बाहर से खरीदकर बुनाई का काम ज्यादा होता है। इसलिए मलबरी सिल्क की खेती भंडारा-गोंदिया से शुरू की जाए, जिसके लिए वस्त्र उद्योग मंत्रालय से मंजूरी की आवश्यकता है। अगर मलबरी सिल्क का कच्चा माल भंडारा-गोंदिया में ही उपलब्ध हो जायेगा तो वह सस्ता भी पड़ेगा। धान की फसल पैदा करने वाला किसान मलबरी सिल्क की खेती करना शुरू कर देगा तथा किसान एवं बुनकर समाज की माली हालत में सुधार आ जायेगा। बशर्ते टसर सिल्क की खेती की तरह सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु मलबरी सिल्क की खेती को भी अनुमोदित किया जाए। यहां के किसान एवं बुनकर समाज को सरकार से प्रोत्साहन की आवश्यकता है। धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Dr. Kirit Solanki is permitted to associate with the issue raised by Shri Nana Patole.